आज का आनंद पुणे
RNI NO- 32038/79- Regd. No. PCW/083/ 2015-2017
रविवार, 29 मार्च 2015

-वे बंद : पूरी घाटी में बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

मजदूरों के माध्यम से इसके मरम्मत के कार्य में लगे हुए हैं. सड़क के नुकसान होने की वजह से पिछले तीन महीनों से एकतरफा यातायात व्यवस्था लागू है.

यातायात पुलिस अधिकारी ने बताया कि राजमार्ग पर मरम्मत कार्य होने की वजह से जम्मू से श्रीनगर की ओर किसी भी वाहन को जाने की अनुमति नहीं दी गयी है. उन्होंने बताया कि सीमा सड़क संगठन और यातायात पुलिस से हरी झंडी मिलने के बाद ही वाहनों के परिचालन की अनुमति दी जाएगी. इस दौरान कल से ही सड़क के दोनों तरफ गाड़ियों की लंबी लाइनें लग गई हैं.

उधर, जम्मू और कश्मीर एवं इसके आसपास के इलाके में दो पश्चिम विक्षोभ के आने से बारिश या बर्फबारी होने की आशंका है. कश्मीर के मौसम विभाग के निदेशक सोनम लोटस ने बताया कि अरब सागर से दो पश्चिम विक्षोभ अफगानिस्तान और पाकिस्तान के रास्ते इस क्षेत्र में आएंगे. उन्होंने बताया कि इसका असर जम्मू कश्मीर और इसके आसपास के इलाके में चार अप्रैल तक रहेगा.

प्रशासन जनता की अपेक्षाएं पूर्ण करे !

महाराष्ट्र के कैबिनेट सेक्रेटरी अजीत सेठ ने बी.जी. देशमुख व्याख्यानमाला में कहा

पुणे, 28 मार्च (आ.प्र.)

दुनिया में बदलाव की गति तेज हो गई है. इसी कारण जनता की अपेक्षाएं भी बढ़ व बदल रही हैं, इसे पूर्ण करने की चुनौती प्रशासन के सामने है. यह विचार महाराष्ट्र के कैबिनेट सेक्रेटरी अजीत सेठ ने व्यक्त किए.

'यशदा' व 'जनवाणी' संस्था द्वारा आयोजित स्व. बी.जी. देशमुख व्याख्यानमाला में अजीत सेठ बोल रहे थे. इस मौके पर चीफ सेक्रेटरी स्वाधीन क्षत्रिय, अतिरिक्त एडीशनल चीफ सेक्रेटरी भगवान सहाय, वित्त विशेषज्ञ विजय केलकर व यशदा के महासंचालक आनंद लिमए आदि उपस्थित थे.

कैबिनेट सेक्रेटरी अजीत सेठ ने आईआईटीएम का दौरा किया. दौरे में संस्था द्वारा एच.पी.सी. भवन में मौसम की जानकारी के लिए लगाए गए मुख्य सर्वर का निरीक्षण करते हुए अजीत सेठ, स्वाधीन क्षत्रिय, एस. चोकलिंगम, सौरभ राव सहित अन्य अधिकारी व पदाधिकारी.

कैबिनेट सेक्रेटरी अजीत सेठ ने आईआईटीएम (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी) संस्था का भी शनिवार को दौरा किया व संस्था के एच.पी.सी. आदित्य बिल्डिंग स्थित सर्वर रूम का निरीक्षण किया. इस मौके पर राज्य के चीफ सेक्रेटरी स्वाधीन क्षत्रिय के हाथों संस्था के कम्पाउंड में वृक्षारोपण किया गया.

इसके बाद अजीत सेठ ने अधिकारियों के साथ बैठक की. इस बैठक में संस्था के डायरेक्टर डॉ. एम. राजीवन ने संस्था के कामकाज व नए प्रोजेक्ट की जानकारी दी.

इस अवसर पर 'यशदा' के महासंचालक आनंद लिमए, विभागीय आयुक्त एस. चोकलिंगम, जिलाधिकारी सौरभ राव, डॉ. कृष्णन, डॉ. जी. बेग सहित संस्था के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे.